# मध्यप्रदेश में पहली बार सफल हृदय प्रत्यारोपण

## चर्चा में क्यों

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के **AIIMS** में पहली बार सफल हृदय प्रत्यारोपण किया गया है।

- मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर डॉक्टरों को बधाई दी और राज्य में अंगदान को बढ़ावा देने के लिये कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ कीं।

## मुख्य बिंदु

- **दिनेश मालवीय को मिला नया जीवन:** यह ट्रांसप्लांट **नर्मदापुरम** निवासी **दिनेश मालवीय** के शरीर में किया गया है जिससे उन्हे नया जीवन मिल पाया।
- दिनेश मालवीय हृदय रोग से पीड़ित थे। उनका हृदय सिर्फ 20% ही काम कर रहा था।
- **अंगदानकर्त्ता:** यह ट्रांसप्लांट सागर ज़िले के बलिराम कुशवाहा के परिवार द्वारा किये गए अंगदान के परिणामस्वरूप संभव हुआ। हृदय को **पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा** के माध्यम से AIIMS भोपाल लाया गया था और वहाँ इसे ट्रांसप्लांट किया गया।
- **तत्परता और कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रमाण:** यह **स्वास्थ्य विभाग, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर और एम्स भोपाल** के चिकित्सीय स्टॉफ की तत्परता और कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रमाण है।
- एम्स भोपाल के डॉक्टरों की एक टीम रातों-रात जबलपुर पहुँची और अंग रिट्रीवल की प्रक्रिया को अंजाम दिया।
- इस पूरी प्रक्रिया में **जबलपुर, भोपाल और इंदौर में तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए** गए। पुलिस और चिकित्सा विभाग ने बेहतरीन समन्वय से अंगों का समय पर परिवहन सुनिश्चित हुआ।
- ब्रेन डेड मरीज़ का हृदय ग्रीन कॉरिडोर और **एयर एम्बुलेंस के माध्यम से जबलपुर से भोपाल लाया** गया।
- **राज्य स्तरीय संस्थान की होगी स्थापना:** मुख्यमंत्री ने घोषणा की, कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजो में ट्रांसप्लांट की सुविधा बढ़ाई जाएगी और **राज्य स्तरीय संस्थान की स्थापना** की जाएगी।
- इससे मेडिकल छात्रों को सीखने की सुविधा मिल सकेगी, साथ ही **अंग प्रत्यारोपण और देहदान** को लेकर जागरुकता को बढ़ावा दिया जाएगा।
- **अंगदानकर्त्ता को राजकीय सम्मान:** प्रदेश सरकार अंगदान को बढ़ावा देने के कई प्रयास कर रही है-
- जो लोग देहदान करेंगे, उनके परिवार के लोगों का **आयुष्मान कार्ड** बनाया जाएगा।
- अंगदान करने वाले का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा और **राष्ट्रीय पर्वों** पर सम्मानित किया जाएगा।

## पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने **फरवरी 2024 में प्रदेश की पहली** इमरजेंसी एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया था।
- मुख्यमंत्री ने इस सेवा की शुरुआत करते हुए इसका नाम "मुख्यमंत्री एयर एंबुलेंस सेवा" से "**पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा**" कर दिया।
- मध्य प्रदेश **यह सेवा देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। पवनहंस के साथ** मिलकर यह सेवाएँ दी जा रही हैं।
- यह सेवा सड़कों व औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर पीड़ित घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार के लिये हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराती है।
- यह सेवा सभी जिलों में लागू है और कोई भी व्यक्ति इसका लाभ ले सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-successful-heart-transplant-in-mp